देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित
www.page3news.in
नगर संस्करण वर्ष 19 अंक: 215 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार–प्रवाह...**
इच्छा शक्ति की कमी



# पेज थ्री

देहरादून, मंगलवार, 3 दिसंबर 2024



मौसम अधिकतम 24.0° न्यूनतम 11.0°

82924.41

2 पाकिस्तान घटा रहा रिटायरमेंट की उम्र
7 शमी खेल सकते हैं बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी

# किसानों ने रोका दिल्ली मार्च

## आश्वासन के बाद दलित प्रेरणा स्थल में डाला डेरा, बैरिकेडिंग हटी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नोएडा। अपनी मांगों को लेकर सोमवार को दिल्ली कूच को निकले किसान महामाया फ्लाईओवर से दो बैरिकेडिंग तोड़कर दलित प्रेरणा स्थल पर जाकर बैठ गए। रास्ते में पड़ने वाली तीसरी बैरिकेडिंग पार नहीं कर पाए। वहीं, पुलिस और प्राधिकरण अधिकारियों से वार्ता और आश्वासन के बाद दलित प्रेरणा स्थल परिसर में धरने पर बैठ गए। किसानों को राज्य सरकार से वार्ता कराकर समाधान निकालने के लिए एक सप्ताह का समय मांगा गया है।

उधर, सवार चार बजे के बाद नोएडा ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे की दिल्ली की ओर जाने वाली लेन को खोल दिया गया। महामाया फ्लाईओवर पर सुबह 9–10 बजे से ही किसानों का पहुंचना शुरू हो गया। दोपहर करीब 12 बजे तक कीरब दो हजार किसान ट्रैक्टर–ट्रॉली, ट्रक और निजी वाहनों संग एकत्रित हो गए। आगे नहीं जाने देने पर किसान वहीं बैठ गए। वहां पर नारेबाजी करते हुए दिल्ली कूच कर एलान किया। करीब एक बजे तक रुककर उसके बाद किसानों ने बैरिकेडिंग को तोड़ा और आगे बढ़ने लगे।

बताया गया कि दलित प्रेरणा स्थल के पास बनी पहली बैरिकेडिंग पर जाकर रूक गए। वहां पर नारेबाजी करने और पुलिस अधिकारियों से वार्ता करने के बाद एक बजकर 38 मिनट पर बैरिकेडिंग को पार किया। दलित प्रेरणा स्थल के पास बनी दूसरी बैरिकेडिंग पर पहुंचे। यहां पहुंच कर किसानों और पुलिस अधिकारियों के बीच नोकझोंक हुई, लेकिन किसानों को आगे नहीं जाने दिया गया। इससे किसान रास्ते में पड़ने वाली तीसरी बैरिकेडिंग को पार नहीं कर पाए। वहीं पर बैठ गए।

एक्सप्रेसवे को दिल्ली की ओर जाने वाले रास्ते को भी खोल दिया गया। इससे वाहनों का आवागमन सुचारू हुआ। हालांकि, ट्रैफिक डायवर्जन होने पर लोगों को वैकल्पिक मार्गों से आवागमन करना पड़ा। सोमवार सुबह से ही लोगों को दिल्ली, फरीदाबाद, नोएडा को आवागमन करने के लिए परेशानी हुई। लोगों को फेर काटकर धीमी गति के बीच यातायात के बीच से निकलना पड़ा।



### तीन किसान नेताओं को छोड़ने की मांग

किसानों ने कूच के दौरान पकड़े तीन किसान नेता सुनील फौजी, अंशुमान ठाकुर व अमन सिंह को छोड़ने की मांग की। किसानों ने महामाया फ्लाईओवर पर रोके किसानों के राशन पानी से भरे ट्रैक्टरों को भी आगे आने पर जोर दिया। उसके बाद पुलिस अधिकरियों से वार्ता कर प्राधिकरण के अधिकारियों को मौके पर बुलाया। पुलिस और प्राधिकरण अधिकारियों से वार्ता के बाद किसान नेता माने। वहीं पर खाना खाया। उसके बाद किसान दलित प्रेरणा स्थल पर शिफ्ट हो गए। किसान 10 फीसदी आबादी भूखंड, 64.7 फीसदी अधिक मुआवजा और नए भूमि अधिग्रहण कानून 2013 के सभी लाभ दिए जाने की मांग कर रहे हैं।

### संसद सत्र के कारण इजाजत नही

पूर्वी दिल्ली की डीसीपी अपूर्व गुप्ता ने किसान आंदोलन को लेकर कहा कि हमें कुछ किसान संगठनों के बारे में पहले से जानकारी है। उन्होंने दिल्ली तक मार्च करने की घोषणा की है। संसद सत्र चालू होने के कारण उन्हें इस विरोध प्रदर्शन के लिए दिल्ली में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी गई है। डीसीपी ने कहा कि हम यह सुनिश्चित करेंगे कि कोई कानून–व्यवस्था की स्थिति न बिगड़े। हम नोएडा पुलिस के साथ समन्वय कर रहे हैं। दिल्ली–यूपी के सभी बड़े–छोटे स्थानों पर सुरक्षाबलों की तैनाती की गई है। पुलिस ने आम लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है। नोएडा पुलिस की ओर से किसानों से भी शांति बनाए रखने का अनुरोध किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा पर्यवेक्षकों के नाम का एलान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। भाजपा ने महाराष्ट्र के लिए पर्यवेक्षकों के नाम का एलान कर दिया है। पार्टी ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी को केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। पार्टी की ओर से सोमवार को जारी एक बयान में यह घोषणा की गई। इनकी मौजूदगी में ही पार्टी विधायक दल के नेता का चयन होगा।

### बांग्लादेश की अंतरिम सरकार को शुभेंदु की चेतावनी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज** नई दिल्ली। बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों के खिलाफ अत्याचार को लेकर पूर्वी राज्य पश्चिम बंगाल में भी आक्रोश देखने को मिल रहा है। राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने पड़ोसी देश की अंतरिम सरकार को चेतावनी दी कि अगर उनके यहां अल्पसंख्यक हिंदुओं और उनकी संस्थाओं पर हो रहे हमलों को नहीं रोका गया, बांग्लादेश को निर्यात पर अनिश्चितकालीन प्रतिबंध लगा दिया जाएगा।

# संविधान पर बहस को लेकर बनी सहमति

## संसद में गतिरोध खत्म करने के लिए सरकार और विपक्ष साथ आए

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। संसद के शीतकालीन सत्र की शुरुआत से ही विपक्ष अपने तमाम मुद्दों को लेकर हंगामा कर रहा है, वहीं उसका आरोप है कि सत्ता पक्ष की तरफ से उनकी मांगें न माने जाने के कारण संसद की कार्यवाही सुचारु रूप से नहीं चल पा रही है। जिसकी वजह से संसद के महत्वपूर्ण छह दिन हंगामे की भेंट चढ़ गए। इसे लेकर सोमवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने तमाम दलों के साथ एक बैठक भी की है। इस बैठक में टीडीपी के लवू श्री कृष्ण देवरायलू, कांग्रेस नेता गौरव गोगोई, डीएमके सांसद टी आर बालू, एनसीपी–एसपी सांसद सुप्रिया सुले, समाजवादी पार्टी के धर्मेंद्र यादव, जेडी(यू) के दिलेश्वर कामैत, आरजेडी के अभय कुशवाह, टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी, शिवसेना (यूबीटी) के अरविंद सावंत और सीपीआई(एम) के राधाकृष्णन शामिल हुए।

वहीं इस बैठक में दोनों पक्षों में गतिरोध खत्म करने के साथ संविधान पर बहस की सहमति बन गई है। इस बैठक के बाद जानकारी देते हुए संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया कि, आज लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के साथ सर्वदलीय फ्लोर लीडर्स की बैठक हुई। कुछ दिनों से संसद में गतिरोध चल रहा है, सभी ने इस पर अपनी चिंता व्यक्त की है। हमने भी कहा कि सभी चुने हुए प्रतिनिधि भारत की संसद में अपनी बात रखने आते हैं और पिछले कई दिनों से संसद का न चलना ठीक नहीं है। सभी ने इसे स्वीकार किया। विपक्ष की ओर से कई मांगें की गई हैं। बिजनेस एडवाइजरी कमेटी के सामने संविधान पर चर्चा करने का प्रस्ताव रखा गया। सरकार ने उसे मंजूरी दे दी है।

### लोकसभा और राज्यसभा में संविधान पर होगी चर्चा

मंत्री किरेन रिजिजू कहा कि, 13–14 दिसंबर को हम संविधान पर चर्चा करेंगे। सबसे पहले लोकसभा में चर्चा होगी। सभी ने इसे स्वीकार किया है। 16–17 दिसंबर को राज्यसभा में चर्चा होगी। स्पीकर ने यह भी कहा कि अगर कोई मुद्दा उठाना चाहता है तो उसके लिए नियम है। आप इसके लिए नोटिस दे सकते हैं लेकिन संसद में हंगामा करना और कामकाज में बाधा डालना ठीक नहीं है। सभी ने इसे भी स्वीकार किया है।

# अब महज ढाई घंटे में पहुंचेंगे दिल्ली से देहरादून

**संवाददाता**

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को डाट काली मंदिर देहरादून में दिल्ली–देहरादून एक्सप्रेस वे के निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने एक्सप्रेस वे के निर्माण में इस्तेमाल हो रही आधुनिक तकनीकों और पर्यावरणीय सुरक्षा उपायों के बारे में अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देहरादून में दिल्ली–देहरादून एक्सप्रेस वे का कार्य अन्तिम चरण में हैं। इस एक्सप्रेसवे का तेजी से निर्माण होने पर मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मोदी एवं केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी का आभार भी व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस एक्सप्रेस वे के पूर्ण होने पर देहरादून से दिल्ली का सफर मात्र दो से ढ़ाई घण्टे में पूर्ण हो जायेगा। इससे जहां लोगों का आवागमन सरल होगा। चारधाम यात्रा के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को और सुगमता होगी। इस प्रोजेक्ट में इकोलॉजी और इकोनॉमी का समन्वय करते हुए एशिया का सबसे बड़ा वाइल्डलाइफ कॉरिडोर भी बनाया गया है, जो वन्यजीवों की सुरक्षा एवं उनकी आवाजाही को मुक्त और पूर्ण तरीके से सुरक्षित बनाएगा।

### निरीक्षण

■सीएम ने किया दिल्ली–दून एक्सप्रेस वे के निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण

### प्रोजेक्ट सहायक सिद्ध होगाः सीएम



मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड की आर्थिकी को बढ़ाने, पयर्टन और व्यावसायिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए भी यह प्रोजेक्ट सहायक सिद्ध होगा।

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# घटना बेहद अफसोसजनक हैः एमईए


**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। त्रिपुरा की राजधानी अगरतला में आज बांग्लादेश सहायक उच्चायोग के परिसर में हुई तोड़फोड़ पर केंद्र सरकार ने अफसोस जाहिर किया है और राजधानी स्थित उच्चायोग एवं अन्य शहरों में स्थित बांग्लादेश के मिशनों की सुरक्षा बढ़ाने का आश्वासन दिया है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा है कि अगरतला में आज बंगलादेश सहायक उच्चायोग के परिसर में तोड़फोड़ की हुई घटना बेहद अफसोसजनक है। बयान में विदेश मंत्रालय ने आगे कहा, ष्किसी भी परिस्थिति में राजनयिक और वाणिज्य दूतावास की संपत्तियों को निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए।

बयान में कहा गया कि सरकार नई दिल्ली में बांग्लादेश उच्चायोग और देश में उनके उप/सहायक उच्चायोगों के लिए सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने के लिए कार्रवाई कर रही है। त्रिपुरा में बांग्लादेशी मिशन के आसपास कई लोगों द्वारा एक विशाल रैली निकाले जाने के कुछ ही घंटों बाद आया है, जिसमें बांग्लादेश में संत चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी और पड़ोसी देश में हिंदुओं पर हमले के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया था।

■त्रिपुरा में बांग्लादेश दूतावास के परिसर में घुसपैठ

## न्यूज डायरी



### कंगाल पाकिस्तान में शहबाज सरकार घटा रही रिटायरमेंट की उम्र

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान लगातार कमजोर होती अर्थव्यवस्था के चलते मुश्किल का सामना कर रहा है। देश की अर्थव्यवस्था को बेहतर करने के लिए सरकार कई तरह के कदम भी उठा रही है। इसी कड़ी में अब पाकिस्तान सरकार रिटायरमेंट की उम्र घटाने जा रही है। आर्थिक संकट से किसी तरह उबरने के बाद पाकिस्तान की शहबाज शरीफ की सरकार पेंशन का बोझ घटाने के औसत सेवानिवृत्ति की उम्र को पांच साल घटाकर 55 वर्ष करने पर विचार कर रही है। सरकार दीर्घकालिक पेंशन बिलों को रोकने के लिए भी कदम उठाने जा रही है। डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक, शरीफ सरकार की ओर से उठाए जा रहे ये कदम बेलआउट पैकेज को मंजूरी देने के लिए अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की ओर से सुझाए गए प्रस्तावों में थे। इसमें खास ये है कि यह सुझाव देश के वित्त मंत्रालय की ओर से सेवानिवृत्ति लाभों के कारण भुगतान में अस्थायी देरी के लिए सेवानिवृत्ति की आयु को दो साल बढ़ाकर 62 वर्ष करने के प्रस्ताव के एक साल बाद आया है। हालांकि इस कदम का आईएमएफ ने विरोध किया था। रिपोर्ट के मुताबिक, हाल ही में कैबिनेट की ईसीसी ने एक बैठक में पेंशन योजना में सुधार के निर्देशों के कार्यान्वयन में देरी पर सवाल खड़े किए थे। बैठक में बात पर सहमत बनी थी कि मौजूदा पेंशन योजना में सुधार लागू करने में समय लगेगा। ऐसे में ईसीसी ने तर्क दिया कि सेवानिवृत्ति की आयु पांच साल कम करने की स्थिति में पेंशन भुगतान में कमी आ सकती है।

### गाजा और लेबनान युद्ध से मालामाल हुई इजरायली कंपनी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तेलअवीव। गाजा और लेबनान में चल रही लड़ाई तथा ईरानी हमले से आयरन डोम एयर डिफेंस सिस्टम बनाने वाली इजरायली डिफेंस कंपनी रफाएल मालामाल हो गई है। इजरायली कंपनी को अगले 4 साल तक के लिए ऑर्डर मिल गया है। यह पूरा ऑर्डर करीब 15.8 अरब अमेरिकी डॉलर का है। आयरन डोम के लिए यह बैकलॉग साल 2024 की शुरुआत से अब तक दो अरब डॉलर तक पहुंच गया है। कंपनी को मिलने वाले ऑर्डर लगातार बढ़ते जा रहे हैं। कंपनी को भी होने वाली कमाई पिछले साल के मुकाबले काफी बढ़ गई है। इजरायल गाजा से लेकर लेबनान तक से होने वाले हमलों को रोकने के लिए आयरन डोम का जमकर इस्तेमाल कर रहा है। इजरायली कंपनी को होने वाली कुल कमाई में 56 फीसदी हिस्सा इलरायली सेना को हथियार बेचने से हो रहा है। वहीं यूरोप और एशिया से मिलाकर 19 फीसदी और अमेरिका का कमाई में योगदान केवल 5 प्रतिशत है। कंपनी के सीईओ योआव तुर्गेमान ने कहा कि कार्य प्रणाली में सुधार से कमाई में बढ़ोत्तरी हुई है। कंपनी ने पिछले साल 1800 नए कर्मचारियों को शामिल किया है। इससे उसके कुल कर्मचारियों की संख्या 10 फीसदी बढ़ गई है। कंपनी के सीईओ ने कहा कि डिफेंस सिस्टम के ऑर्डर लंबी अवधि के लिए होते हैं और इसका उद्देश्य क्षमता विस्तार करना है।

### सीमा पर सुरक्षा को करेंगे और अधिक मजबूतः जस्टिन ट्रूडो

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ओटावा। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो रात को अचानक अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मिलने पहुंचे। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक यह मुलाकात फ्लोरिडा में ट्रंप के घर मार–ए–लागो में नहीं बल्कि उनके प्राइवेट क्लब में हुई। आमतौर पर जब भी कोई नेता या सेलिब्रेटी ट्रंप से मिलने फ्लोरिडा जाते हैं तो वह उनके घर मार–ए–लागो जाते हैं। पाम बीच पर बने क्लब में ट्रंप–ट्रूडो ने साथ में डिनर किया। ट्रूडो के साथ कनाडा के पब्लिक सेफ्टी मिनिस्टर डोमिनिक लेब्लांक समेत और भी कई लोग थे। ट्रूडो की इस यात्रा के बारे में पहले कोई जानकारी साझा नहीं की गई थी। ट्रूडो की इस यात्रा पर ना ही ट्रंप की टीम ने कोई जवाब दिया है और ना ही ट्रूडो के कार्यालय ने कोई जानकारी दी है। ट्रूडो की यह विजिट उनके सार्वजनिक कार्यक्रमों की सूची में शामिल नहीं थी। वहीं, अब कनाडा के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने नव–निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से वादा किया है कि कनाडा लंबे समय से असुरक्षित संयुक्त सीमा पर नियंत्रण को और कड़ा करेगा।

# रूसी और सीरियाई विमानों द्वारा विद्रोही क्षेत्रों पर हुई बमबारी तेज

रिपोर्ट

## हवाई हमलों में उत्तर-पश्चिमी सीरिया में मारे गए करीब 25 लोग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



अम्मान। सीरिया में विद्रोही गुट ने देश के दूसरे सबसे बड़े शहर अलेप्पो और इदलिब के आधे से ज्यादा इलाके पर कब्जा कर लिया है। रूस ने इस संघर्ष में असद सरकार का समर्थन किया है, जिससे अलेप्पो की स्थिति और भी खराब हो गई है। विद्रोहियों के नेतृत्व में एक बड़े हमले में 300 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक विद्रोही गुट में हयात तहरीर अल–शम और उसके सहयोगी संगठन शामिल हैं। इन्हें अलकायदा का समर्थन हासिल है। साल 2016 में सीरियाई सेना ने विद्रोहियों को खदेड़ दिया था। 8 साल बाद ऐसा फिर हो रहा है जब विद्रोही गुटों ने अलेप्पो पर कब्जा करने जा रहे हैं। एचटीएस ने 27 नवंबर को हमला किया था और शहर के अंदर घुस कर कई मिलिट्री ठिकानों पर कब्जा कर लिया था। वहीं, सीरियाई विपक्ष द्वारा संचालित बचाव सेवा व्हाइट हेल्मेट्स ने सोमवार को बताया कि सीरियाई सरकार और रूस द्वारा किए गए हवाई हमलों में उत्तर–पश्चिमी सीरिया में कम से कम 25 लोग मारे गए हैं। सैन्य सूत्रों ने बताया कि रूसी और सीरियाई जेट विमानों ने रविवार को उत्तरी सीरिया में विद्रोहियों के कब्जे वाले शहर इदलिब पर हमला किया।

सेना ने यह भी कहा कि उसने कई शहरों पर फिर से कब्जा कर लिया है, जिन पर विद्रोहियों ने हाल के दिनों में कब्जा कर लिया था। निवासियों ने बताया कि एक हमला इदलिब के केंद्र में एक भीड़भाड़ वाले आवासीय क्षेत्र में हुआ, जो तुर्की सीमा के पास विद्रोही क्षेत्र का सबसे बड़ा शहर है, जहाँ लगभग चार मिलियन लोग अस्थायी तंबुओं और घरों में रहते हैं। घटनास्थल पर मौजूद बचावकर्मियों के अनुसार, कम से कम सात लोग मारे गए और दर्जनों घायल हो गए। सीरियाई सेना और उसके सहयोगी रूस का कहना है कि वे विद्रोही समूहों के ठिकानों को निशाना बनाते हैं और नागरिकों पर हमला करने से इनकार करते हैं।

व्हाइट हेल्मेट्स के अनुसार, रविवार को इदलिब और उसके आसपास तथा अलेप्पो के पास विद्रोहियों के कब्जे वाले इलाकों में हवाई हमलों में मारे गए लोगों में दस बच्चे भी शामिल हैं। समूह ने एक्स पर एक बयान में कहा कि 27 नवंबर से अब तक सीरियाई और रूसी हमलों में मरने वालों की कुल संख्या 56 हो गई है, जिसमें 20 बच्चे शामिल हैं। विद्रोही तुर्की समर्थित मुख्यधारा के धर्मनिरपेक्ष सशस्त्र समूहों का गठबंधन हैं, साथ ही हयात तहरीर अल–शाम, एक इस्लामी समूह है जिसे अमेरिका, रूस, तुर्की और अन्य राज्यों द्वारा आतंकवादी संगठन घोषित किया गया है। विद्रोहियों ने हाल के दिनों में पूरे इदलिब प्रांत पर कब्जा कर लिया।

## सीरिया में तुर्की समर्थित लड़ाकों ने मचाई तबाही

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज** दमिश्क। सीरिया में छिड़े गृह युद्ध में तुर्की समर्थित मिलिशिया ने भी आक्रामकता दिखाई है। सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने बताया है कि तुर्की समर्थक लड़ाकों ने ताल रिफात शहर और आसपास के कई गांवों पर कब्जा कर लिया है। संस्था ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि उत्तरी अलेप्पो प्रांत में तकरीबन दो लाख सीरियाई कुर्द आबादी को तुर्की समर्थक गुटों ने घेर रखा है। कुर्दों के साथ बड़े स्तर पर अनहोनी की आशंका भी जता जा रही है।

अल मॉनिटर ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया है कि तुर्की समर्थक लड़ाकों ने कुर्द बहुल क्षेत्रों में संचार काट दिया गया है। इससे कुर्दों के नरसंहार की आशंका बढ़ गई है। ऑब्जर्वेटरी ने इससे पहले कहा था कि तुर्की समर्थक गुटों ने सरकारी बलों को मार डाला और फिर अलेप्पो प्रांत में कुर्द लड़ाकों पर हमला किया। उन्होंने खासतौर से कुर्द आपूर्ति लाइनों को काटने को लक्ष्य बनाया है। ऑब्जर्वेटरी ने बताया है कि अलेप्पो शहर के उत्तर में कुर्द बलों और तुर्की समर्थक गुटों के बीच झड़प हुई। इसके बाद तुर्की समर्थित समूहों ने सरकारी बलों को पीछे धकेला और अलेप्पो के दक्षिण–पूर्व में सफिरेह और खानसेर शहरों पर नियंत्रण कर लिया।



### गिनी में फुटबॉल मैच के दौरान फैंस के बीच हुई झड़प

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कोनाक्री (गिनी)। गिनी के दूसरे सबसे बड़े शहर एनज़ेरेकोर में एक फुटबॉल मैच के दौरान प्रशंसकों के बीच झड़प हो गई। इस दौरान झड़प में दर्जनों लोग मारे गए। एक डॉक्टर ने नाम न बताने की शर्त पर कहा, अस्पताल में जहां तक नजर जाती है, शव कतारों में पड़े हैं। अन्य लोग गलियारे में फर्श पर पड़े हैं। मुर्दाघर भरा हुआ है। उन्होंने कहा कि करीब 100 लोग मारे गए हैं, स्थानीय अस्पताल और मुर्दाघर में शव भरे पड़े हैं। एक अन्य डॉक्टर ने कहा कि दर्जनों लोग मरे हैं। सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में मैच के बाहर सड़क पर अराजकता का दृश्य और जमीन पर बड़ी संख्या में शव पड़े हुए दिखाई दे रहे हैं, जिसकी पुष्टि एएफपी तत्काल नहीं कर सका। एक प्रत्यक्षदर्शी ने एएफपी को बताया, यह सब रेफरी के विवादित फैसले से शुरू हुआ।

# जो बाइडन ने अपने बेटे को सभी अपराधों से कर दिया दोषमुक्त

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति के पद से जाते–जाते जो बाइडन ने अपने बेटे हंटर को माफ कर दिया, जिससे उन्हें संभावित जेल की सजा से राहत मिल गई। ऐसे में डोनाल्ड ट्रंप ने बाइडन पर निशाना साधा है और कहा कि बाइडन ने शक्तियों का दुरुपयोग किया है।

अमेरिका के नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट लिखा है। पोस्ट में ट्रंप ने कहा, क्या जो माफी बाइडन ने अपने बेटे हंटर को दी है, उसमें जे–6 कैदी भी शामिल है? जो सालों से जेल में बंद है। ट्रंप ने कहा, न्याय का यह कैसा दुरुपयोग है।

जे6 कैदी उन लोगों का कहा गया है जिन्हें 6 जनवरी, 2021 को कैपिटल हिल पर हुए दंगों में उनकी भूमिका के लिए कैद किया गया था। ट्रंप और उनके समर्थकों ने कैद किए गए लोगों को बंधक कहा है और दावा किया है कि वे शांतिपूर्वक और देशभक्ति से काम कर रहे थे।

### बेटे हंटर को माफ करने पर बाइडन पर बरसे डोनाल्ड ट्रंप

साथ ही यह अनुमान लगाया गया है कि एक बार जब डोनाल्ड ट्रंप राष्ट्रपति के रूप में कार्यभार संभालेंगे तो वह उन लोगों को माफी देंगे जो 6 जनवरी, 2021 को कैपिटल हिल की घेराबंदी में उनकी भूमिका के लिए जेल में बंद हैं।

बाइडन ने अपने बेटे हंटर की माफी को लेकर हस्ताक्षर किए, जिन्हें बंदूक अपराधों और कर उल्लंघन से संबंधित आरोपों में दोषी ठहराया गया था। माफी यह सुनिश्चित करती है कि हंटर को अब इन अपराधों के लिए सजा का सामना नहीं करना पड़ेगा और जेल जाने की संभावना समाप्त हो जाएगी।

बाइडन की ओर से तर्क दिया गया कि उन्हें सिर्फ इसलिए निशाना बनाया गया क्योंकि वे उनके बेटे हैं। बाइडन ने कहा कि उन्होंने अपने पूरे करियर में एक सरल सिद्धांत का पालन किया है। वे हमेशा निष्पक्ष रहेंगे। इसके साथ ही कहा, मैं न्याय प्रणाली में विश्वास करता हूं। बाइडन ने ये भी कहा, मुझे लगता है कि अमेरिकी समझेंगे कि एक पिता और राष्ट्रपति ने यह फैसला क्यों लिया।

### गल्फ एयर के विमान ने की इमरजेंसी लैंडिंग


**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कुवैत सिटी। मुंबई से मैनचेस्टर की उड़ान भरने वाले लगभग 60 भारतीय यात्री रविवार को कुवैत अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर लगभग 24 घंटे तक फंसे रहे। यात्रियों का आरोप है कि लंबे इंतजार के दौरान उन्हें खाना–पानी, आवास या बुनियादी सहायता नहीं दी गई। तकनीकी खराबी के कारण गल्फ एयर की उड़ान जीएफ 005 को डायवर्ट किया गया था। लेकिन रिपोर्ट के मुताबिक विमान 24 घंटे बाद फिर रवाना हो सका। हिंदुस्तान टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक फंसे हुए यात्रियों में से एक आरजू सिंह ने कहा कि वह लोग हवाई अड्डे को छोड़ने में असमर्थ थे। ऐसा इसलिए क्योंकि उनके पास ट्रांजिट वीजा नहीं था। जबकि यूके और यूएस पासपोर्ट धारकों को ट्रांजिट वीजा की उपलब्धता के कारण बाहर जाने की अनुमति थी। स्थिति तब बिगड़ गई जब यात्रियों ने सोशल मीडिया पर इसकी शिकायत करना शुरू किया।

# Page Three Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द


# शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जल्द निस्तारण करने के निर्देश

निर्देश

## अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ जन संवाद कार्यक्रम

5 शिकायतें दर्ज, निस्तारण को संबंधित अधिकारियों को किया प्रेषित

संवाददाता

रुद्रप्रयाग। अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा की अध्यक्षता में जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर फरियादियों द्वारा कुल 05 शिकायतें दर्ज की गई जिन्हें निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया।



विकास भवन सभागार में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम के अवसर पर राजीव गांधी नवोदय विद्यालय मालतोली शिक्षक अभिभावक संघ के पदाधिकारियों एवं अध्ययनरत विद्यार्थियों के अभिभावकों द्वारा विद्यालय में प्रधानाचार्य सहित रिक्त चल रहे शिक्षकों के अन्य पदों पर यथाशीघ्र तैनाती करने की मांग की। उन्होंने बताया कि पर्याप्त मात्रा में शिक्षकों की तैनाती न होने पर छात्रों की शिक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इस संबंध में अपर जिलाधिकारी ने मुख्य शिक्षा अधिकारी को यथाशीघ्र विद्यालय का स्थलीय निरीक्षण करने के साथ ही अविलंब कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया।

नाकोट गांव की जसदेई देवी ने प्रधानमंत्री आवास के तहत उनके द्वारा बनाए गए आवासीय भवन का अवशेष धनराशि का भुगतान न होने की समस्या से अवगत कराया। दरमोला निवासी पुष्कर सिंह ने उनके आवासीय भवन के ऊपरी हिस्से से गुजर रही विद्युत लाइन को अन्यत्र शिफ्ट करने की मांग की। इस तरह कुल 05 शिकायतें दर्ज हुई जिनका निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया। अपर जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों से जन संवाद कार्यक्रम में प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उनका निस्तारण करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा कि शिकायतों पर की जाने वाली कार्यवाही से जिला कार्यालय सहित संबंधित शिकायतकर्ता को भी अनिवार्य रूप से अवगत कराया जाए। साथ ही जिन शिकायतों में स्थलीय निरीक्षण किया जाना है उन्हें भी ससमय निस्तारण कर लिया जाए। इस दौरान सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज शिकायतों की भी समीक्षा की गई। विभिन्न विभागों से संबंधित एल–1 पर कुल 209 तथा एल–2 पर 47 शिकायतें निस्तारण हेतु अवशेष हैं जिन्हें यथाशीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी आशीष चंद्र घिल्डियाल, परियोजना निदेशक प्रदीप कुमार पांडेय, जिला विकास अधिकारी अनीता पंवार, मुख्य शिक्षा अधिकारी प्रमेंद्र बिष्ट, जिला कार्यक्रम अधिकारी अखिलेश मिश्रा, जिला समाज कल्याण अधिकारी सुनीता अरोड़ा, जिला शिकायत निवारण केंद्र के सहायक विनोद कुमार सहित स्वास्थ्य, जल संस्थान, जल निगम, उरेड़ा, विद्युत, सिंचाई, पूर्ति, लोनिवि आदि विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी

### पीड़ा गांव में महिलाओं हेतु सामान्य उद्यमिता विकास कार्यक्रम का आयोजन

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा विकास खंड अगस्त्यमुनि की ग्राम पंचायत पीड़ा में सामान्य उद्यमिता विकास कार्यक्रम प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान एनआरएलएम एसएचजी की महिलाओं को प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाएगा। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक केएस रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि 02 दिसंबर से 07 दिसंबर, 2024 तक विकासखंड अगस्त्यमुनि के अंतर्गत ग्राम पंचायत पीड़ा में 06 दिवसीय सामान्य उद्यमिता विकास कार्यक्रम प्रशिक्षण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण में एनआरएलएम के तहत स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने जनपद स्तरीय अधिकारियों से उक्त आयोजित होने वाले प्रशिक्षण में प्रतिभाग करते हुए महिलाओं का मार्गदर्शन करने की अपील की है।

### सवाड़ में 07 दिसंबर से होगा तीन दिवसीय अमर शहीद सैनिक मेला

**संवाददाता** चमोली। सैन्य बाहुल्य गांव सवाड़ में तीन दिवसीय 17वाँ अमर शहीद सैनिक मेला 07 से 09 दिसंबर तक आयोजित होगा। अमर शहीद सैनिकों के अभूतपूर्व शौर्य, पराक्रम एवं वीरता को समर्पित इस मेले के भव्य आयोजन को लेकर मेला समिति ने तैयारियां शुरू कर दी है। सैन्य बाहुल्य गांव सवाड से 22 सैनिकों ने प्रथम विश्व युद्ध में भाग लिया था। जबकि 38 सैनिकों ने द्वितीय विश्व युद्ध, 14 सैनिकों ने पेशावर कांड तथा 17 सैनिक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी है। सवाड गांव से 1971 बांग्लादेश युद्ध में 28 सैनिकों, ऑपरेशन ब्यूल स्टार में 15 सैनिकों ने भाग लिया था। वीर भूमि सवाड़ से वर्तमान में भारतीय सेना में 128 सैनिक सेवारत है। मेला समिति के अध्यक्ष ने बताया कि तीन दिवसीय 17वाँ अमर शहीद सैनिक मेला 7 दिसंबर को शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ आगाज होगा।

### जूपी, लूडो सुप्रीम मल्टी–टेबल टूर्नामेन्ट के साथ बना स्टैनफेस्ट का टाइटल स्पॉन्सर

**संवाददाता** देहरादून। भारत के प्रमुख कौशल–आधारित कैजुअल गेमिंग प्लेटफॉर्म जूपी ने स्टैनफेस्ट 2024 के लिए टाइटल स्पॉन्सर के रूप में साझेदारी की, जो 500 मिलियन से अधिक डिजिटल पहुंच के साथ 250 से अधिक टॉप कंटेंट क्रिएटर्स एवं 30,000 उत्साही प्रशंसकों को एक मंच पर लेकर आया। यह आयोजन रचनात्मकता, प्रशंसकों और गेमिंग का जश्न था, जूपी का रोमांचक लूडो सुप्रीम मल्टी–टेबल टूर्नामेन्ट इसका मुख्य आकर्षण रहा। तीन राउण्ड की प्रतियोगिता में 16 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिनमें जाने–माने क्रिएटर्स जैसे आशीष चंचलानी, फुकरा इंसान, टीम आर2एच और मोर्टल शामिल थे।

## 43 परिवारों के पुनर्वास और विस्थापन के लिए धनराशि स्वीकृत

**संवाददाता** चमोली। तहसील ज्योतिर्मठ के अंतर्गत भूस्खलन प्रभावित पगनों गांव के 40 परिवारों और ग्राम उर्गम के तल्ला बडगिण्डा तोक के 03 प्रभावित परिवारों सहित कुल 43 प्रभावित परिवारों के पुनर्वास एवं विस्थापन के लिए एक करोड़ बयानबे लाख पच्चास हजार (192.50 लाख) की धनराशि स्वीकृत कर तहसील ज्योतिर्मठ को जारी कर दी गई है। आपदा प्रभावित परिवारों के विस्थापन एवं पुनर्वास को लेकर जिलाधिकारी संदीप तिवारी की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय पुनर्वास समिति ने इसकी स्वीकृति प्रदान की है। वही पगनों गांव के अवशेष प्रभावित परिवारों के विस्थापन एवं पुनर्वास हेतु तहसील स्तर से अभी भूमि चयन की प्रक्रिया जारी है।

जिलाधिकारी ने तहसील ज्योतिर्मठ के उप जिलाधिकारी को विस्थापन एवं पुनर्वास हेतु आवंटित धनराशि को नियमानुसार शीघ्र प्रभावित परिवारों में वितरण करने और प्रभावित परिवारों के पुनर्वास वाले स्थानों पर मूलभूत सुविधाएं भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है।

जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी एनके जोशी ने बताया कि तहसील ज्योतिर्मठ के अंतर्गत ग्राम पगनों में 40 प्रभावित परिवारों और ग्राम उर्गम का तल्ला बडगिण्डा तोक के 03 प्रभावित परिवारों के विस्थापन एवं पुनर्वास हेतु शासन से एक करोड़ बयानबे लाख पच्चास हजार धनराशि आवंटित की गई थी। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय पुनर्वास समिति ने शासन से आवंटित धनराशि प्रभावित परिवारों के पुनर्वास एवं विस्थापन हेतु तहसील प्रशासन को अवमुक्त कर दी गई है।



## जिला स्तरीय वन अग्नि सुरक्षा की बैठक हुई संपन्न

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय वन अग्नि सुरक्षा की बैठक संपन्न हुई। इस अवसर पर वन विभाग के अधिकारियों द्वारा सभी विभागों से फोरेस्ट फायर सीजन में आवश्यक सहयोग की अपेक्षा की गई। विकास भवन सभागार में आयोजित बैठक में वन विभाग के उप प्रभागीय वनाधिकारी डीएस पुंडीर ने पीपीटी के माध्यम से वनाग्नि के कारणों, होने वाले नुकसान व उससे बचाव की जानकारी से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि जनपद के अंतर्गत रुद्रप्रयाग व केदारनाथ दो क्षेत्रीय वन प्रभाग हैं। वनाग्नि की सुरक्षा, प्रभावी नियंत्रण व सुझाव हेतु जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 07 सदस्यीय जिला स्तरीय वन अग्नि सुरक्षा समिति का गठन किया गया है। इसी तरह विकास खंड स्तर पर ब्लॉक प्रमुख की अध्यक्षता में जबकि ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में वन पंचायत स्तरीय समिति गठित की गई है।

## फर्जी डिग्री के आधार पर नौकरी कर रहे दो शिक्षकों को 5 वर्ष का कठोर कारावास

संवाददाता

रुद्रप्रयाग। जनपद रुद्रप्रयाग में फर्जी डिग्री के आधार पर तैनात दो शिक्षकों को तत्काल निलंबित कर दिया गया है। साथ ही फर्जी डिग्री के आधार पर छल व कपट से नौकरी प्राप्त करने के संबंध में दोषी करार पाते हुए 05–05 वर्ष की कठोर कारावास की सजा तथा 10 हजार रुपए के अर्थदंड जुर्माने से भी दंडित किया गया है।

जनपद में तैनात फर्जी शिक्षक वीरेंद्र सिंह पुत्र जीत सिंह एवं रघुवीर सिंह बुटोला पुत्र भगत सिंह द्वारा अपनी बीएड की फर्जी डिग्री के आधार पर शिक्षक की नौकरी प्राप्त की गई। शिक्षा विभाग के एसआईटी एवं विभागीय जांच के अनुसार उक्त दोनों शिक्षकों को दो पृथक–पृथक फौजदारी मामलों

निर्णय एवं आदेश की प्रतिलिपि शिक्षा निदेशालय को भी की गई प्रेषित

में अलग–अलग वर्षों में प्राप्त फर्जी बीएड की डिग्री से नौकरी प्राप्त करने पर उनकी बीएड की डिग्री का सत्यापन कराया गया।

इसके बाद चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ से जांच आख्या प्राप्त हुई जिसमें उपरोक्त दोनों फर्जी शिक्षकों के द्वारा कोई भी बीएड की डिग्री जारी नहीं हुई पाई गई। शासन द्वारा एसआईटी जांच के उपरांत दोनों शिक्षकों पर मुकदमा पंजीकृत कराया गया। साथ ही उन्हें तत्काल प्रभाव से बर्खास्त किया गया तथा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अशोक कुमार सैनी के न्यायालय द्वारा उक्त फर्जी शिक्षकों को फर्जी डिग्री के आधार पर छल व कपट से नौकरी प्राप्त करने के संबंध में दोषी करार पाते हुए अभियुक्तों को धारा–420 भारतीय दंड संहिता, 1860 के अंतर्गत 05–05 वर्ष की कठोर कारावास की सजा तथा दस हजार रुपए के जुर्माने से दंडित किया गया है। साथ ही जुर्माना अदा न करने पर तीन माह का अतिरिक्त कारावास की सजा भी सुनाई गई है। दोषसिद्ध फर्जी शिक्षक वीरेंद्र सिंह पुत्र जीत सिंह एवं रघुवीर सिंह बुटोला पुत्र भगत सिंह को न्यायिक अभिरक्षा में लेकर दंडादेश भुगतने हेतु जिला कारागार पुरसाड़ी (चमोली) भेज दिया गया है।

वहीं इस निर्णय एवं आदेश की प्रतिलिपि शिक्षा निदेशालय को भी प्रेषित की गई है।

### भारत यंग लीडरशिप डायलॉग कार्यक्रम का होगा आयोजन

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। 26वां राष्ट्रीय युवा उत्सव के तहत विकसित भारत यंग लीडरशिप डायलॉग कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। प्रथम चरण में जिला स्तर पर 5 दिसंबर तक ऑनलाइन प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। जिला स्तर पर चयनित प्रतिभागी राज्य स्तर पर निबंध प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। इसके बाद युवाओं को राष्ट्रीय युवा उत्सव में प्रतिभाग करने का अवसर मिलेगा।

नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी राहुल डबराल ने उक्त आशय की जानकारी देते हुए बताया कि 26वां राष्ट्रीय युवा उत्सव के तहत विकसित भारत यंग लीडरशिप डायलॉग कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में 15 से 29 वर्ष के युवा प्रतिभाग कर सकते हैं।

भले ही आप इस दुनिया में अकेले आए हो परंतु जाने के बाद दुनिया में अपने विचार और बुद्धि तो देकर जा सकते हैं। -अज्ञात




विचार-प्रवाह

देहरादून, मंगलवार, 3 दिसंबर 2024

पेज थ्री

www.page3news.in


# इच्छा शक्ति की कमी

**यूं भी विश्व की पांचवीं सबसे बडी इकoनमी की राजधानी अगर दुनिया के सबसे प्रदूषित शहर के रूप में देखी जा रही है और वर्षो की कोशिशों के बाद भी स्थिति जस की तस दिख रही है तो इसे एक स्थानीय समस्या नहीं माना जा सकता।**

अनुज श्रीवास्तव।।

लगातार तीसरे दिन बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की हवा में प्रदूषण का स्तर सीवियर यानी गंभीर श्रेणी में रहा। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने प्राइवेट सेक्टर कंपनियों के लिए निर्देश जारी किया कि 50 फीसदी वर्कफोर्स को वर्क फ्रॉम होम की सुविधा दे दी जाए। कई और भी कदम उठाए गए हैं लेकिन वे सब आपातकालीन और तात्कालिक उपायों की ही श्रेणी में आते हैं।

हवा में प्रदूषण का बेहद खतरनाक स्तर भले दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में देखा जा रहा हो, यह समस्या यहां तक सीमित नहीं है। उत्तर भारत के बड़े इलाके में लोग इस समस्या से जूझ रहे हैं। इसी सप्ताह दिल्ली के साथ–साथ लखनऊ और पटना को देश के सर्वाधिक प्रदूषित शहरों में माना गया। यूं भी विश्व की पांचवीं सबसे बडी इकॉनमी की राजधानी अगर दुनिया के सबसे प्रदूषित शहर के रूप में देखी जा रही है और वर्षों की कोशिशों के बाद भी स्थिति जस की तस दिख रही है तो इसे एक स्थानीय समस्या नहीं माना जा सकता।



सबसे बड़ी बात तो यह है कि न तो इस समस्या का स्वरूप अनजाना है, न इसके कारण अज्ञात हैं और न ही इससे बचाव के उपायों को लेकर किसी तरह की अनभिज्ञता है। हवा में प्रदूषण की कितनी मात्रा वाहनों के धुएं से आती है, कितनी इंडस्ट्री से निकलने वाले उत्सर्जन से, कितनी इस क्षेत्र में होने वाले निर्माण कार्यों से और कितनी आसपास के राज्यों में पराली जलाए जाने से– इसे लेकर थोड़ा–बहुत अंतर भले ही अलग–अलग स्टडीज में देखा गया हो, इसमें कोई दो राय नहीं कि हवा की गुणवत्ता बिगाड़ने में इन सबका सम्मिलित योगदान है। लिहाजा, धीरे–धीरे इन कारकों को नियंत्रित करने वाले ठोस कदम अगर नहीं उठाए जा रहे तो इसके पीछे इच्छा शक्ति की कमी को ही जिम्मेदार मानना होगा।

इसकी एक बड़ी वजह यह है कि आम लोग भी इसे एक मौसमी समस्या मानकर चल रहे हैं। यही कारण है कि न तो यह चुनावी मुद्दा बन पाता है और न ही निर्वाचित प्रतिनिधि इसे गंभीरता से लेकर हल करने की जरूरत महसूस करते। बयानबाजी के जरिए एक–दूसरे पर दोषारोपण करके काम चला लिया जाता है।

याद रखना चाहिए कि दिल्ली एनसीआर देश का सबसे समृद्ध इलाका है। यहां की प्रति व्यक्ति आय बाकी पूरे देश से ढाई गुना ज्यादा है। लेकिन क्वॉलिटी ऑफ लाइफ का जहां तक सवाल है तो पिछले साल यानी 2023 में इस क्षेत्र के लोगों को मॉडरेट और बेहतर हवा वाले 200 दिन ही मिले। ऐसे में डर है कि प्रफेशनल्स की बिरादरी दिल्ली को पनिशमेंट पोस्टिंग न मानने लग जाए।

## पुत्र या पुत्री




**अशोक वोहरा।** लेकिन फिर भी काफी दिन बीत जाने के बाद उनका कोई पुत्र या पुत्री नहीं हुआ था। फिर भी वह हमेशा से भगवान के नाम पर दान करते आ रहे हैं। आपको बता दें कि सुमन ब्राह्मण की उम्र बहुत ज्यादा हो गई थी और वह बहुत ज्यादा बूढ़े हो चुके थे, उनके पास खाने–पीने के पैसे नहीं बचे थे। आप उनसे किसी भी तरह का काम नहीं हो पाता था और और किनोवा तब भूख मारने की हो गई थी। तभी दूर गांव में ही किसी ने कहा कि एक सेट है जो कि ईमानदारी खरीदता है उसके बदले में वह सारा धन दौलत देता है। सुमन ब्राह्मण सोचा कि मेरे पास तो बहुत सारा ने किया है मतलब की बहुत सारा ईमानदारी है जिसे बेचकर हम कुछ ना कुछ खरीद लेंगे। वह ब्राह्मण उस सेठ के बारे में पता करता है और उसी सेठ के पास जाता है अपनी कुछ ईमानदारी भेजने के लिए।

**...शेष कल**

# संपादकीय

## असल बदलाव

भेद–भाव कानून के स्तर पर भी होता है। पूर्व न्यायमूर्ति चंद्रशेखर धर्माधिकारी ने अपनी आत्मकथा 'एक न्यायमूर्ति का हलफनामा' में एक घटना का जिक्र किया है। जब वह वकील थे तो उनके एक मुवक्किल पर शराब पीने का मुकदमा चला। उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया और उस पर जुर्माना लगा। लेकिन उसने अदालत में सबको चकित करने वाला सवाल पूछा। उसने कहा कि जब वह शराब पी रहा था तो बगल के क्लब में कई प्रतिष्ठित लोग शराब पी रहे थे। पुलिस ने उन्हें क्यों नहीं पकड़ा? उसे बताया गया कि उनके पास शराब पीने का लाइसेंस था। उसने जवाब दिया, 'साहब, मुझे यह पता नहीं था कि गुनाह करने के लिए भी परमिट लगता है। प्रतीकों को बदलने में कोई बुराई नहीं है। किंतु असली परिवर्तन सोच और कार्य संस्कृति में लाने की जरूरत है।

तराजू प्रतीक के रूप में प्राचीन यूनान से पहले इजिप्ट में माट के साथ जुड़ा था जो सत्य एवं न्याय की देवी रही हैं। रोम में अगस्टस ने जस्टिसिया को न्याय की देवी के रूप में स्थापित किया।

# कानून अंधा नहीं

सुधांशु रंजन।।

न्याय की देवी की मूर्ति की आंखों से पट्टी और हाथ से तलवार का हटाया जाना औपनिवेशिक विरासत को प्रतीकात्मक रूप में खत्म करने की दिशा में उठाया गया एक अहम कदम है। आंखों पर पट्टी निष्पक्षता का प्रतीक थी। तलवार दंड एवं अधिकार का प्रतीक। आंखों पर पट्टी का संदेश यह था कि न्याय की देवी बड़े और छोटे, अमीर और गरीब या शक्तिशाली और कमजोर में फर्क नहीं करतीं। तराजू दोनों पक्षों की दलीलों व साक्ष्यों को ईमानदारी से तौलता है। उसके बाद अदालत फैसला देती है।

पहले यह समझा जाए कि न्याय की देवी का यह रूप कहां से आया? प्राचीन यूनान में थीमियस एक दानवी थी, जिसे तराजू एवं तलवार के साथ दिखाया जाता था। इसका संबंध दिव्य कानून व नैतिक न्याय से था। तराजू प्रतीक के रूप में प्राचीन यूनान से पहले इजिप्ट में माट के साथ जुड़ा था जो सत्य एवं न्याय की देवी रही हैं। रोम में अगस्टस ने जस्टिसिया को न्याय की देवी के रूप में स्थापित किया। मध्य काल में लेडी जस्टिस का जुड़ाव तेजी से ईसाई मूल्यों के साथ हुआ। पुनर्जागरण के समय अदालतों में न्याय की देवी की मूर्ति लगाई जाने लगी।

भारत में जब ब्रिटिश हुकूमत की शुरुआत हुई तो नए सिरे से न्यायिक व्यवस्था की नींव रखी गई। इसी क्रम में न्याय की देवी उसी रूप में यहां की अदालतों में स्थापित हो गई। इस तरह यह एक औपनिवेशिक विरासत है। उसी दौर में जिस तरह से अदालतों में न्याय की खिल्ली उड़ाई जाने लगी, मुकदमेबाजी में लोग परेशान होने लगे, उससे न्यायपालिका के बारे में आम आदमी की धारणा भी प्रभावित हुई। पट्टी के कारण यह कहने का चलन हो गया कि कानून अंधा होता है। हालांकि न्याय की देवी कभी अंधी नहीं रहीं, बस उनकी आंखों पर पट्टी बंधी होती थी। बहरहाल, जजों की आंखों पर पट्टियां कभी नहीं थीं। फिर भी अदालतों से न्याय मिलना दूभर होता गया। जिस अंग्रेजी राज में न्याय की देवी की मूर्तियां स्थापित की गईं, उसी में एक से बढ़कर एक जुल्म ढाए गए। अदालतों से भी कोई ज्यादा राहत नहीं मिली। पै अधिकारी पेंडेरेल मून स्वाधीनता सेनानियों के उत्पीड़न से इतने विचलित हुए कि उन्होंने सेवा से त्यागपत्र दे दिया। उन्होंने ब्रिटिश प्रशासन, खासकर न्यायिक व्यवस्था की कटु आलोचना करते हुए कहा, 'बड़ी संख्या में बेगुनाहों को सजा या फांसी दी जा रही है और अधिकारी सच जानते हुए भी कुछ कर नहीं पाते।' इस तरह न्याय की देवी की आंखों पर पट्टी बांध कर निष्पक्षता का स्वांग करने वालों ने न्याय की आंखों पर ही पट्टी बांध दी।



सवाल है कि क्या आजादी मिलने पर व्यवस्था बदली। सच यही है कि औपनिवेशिक व्यवस्था में रत्ती भर भी बदलाव नहीं आया। वकीलों और जजों के गणवेश अंग्रेजों वाले ही रहे, भाषा भी अंग्रेजी बनी रही और कानून भी वही रहे। इस वर्ष जरूर भारतीय दंड विधान, अपराध प्रक्रिया विधान और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह तीन नए कानून लागू किए गए हैं। जहां तक बड़ों और छोटों को कानून की नजर में बराबर समझने की बात है, संविधान में तो इसे मौलिक अधिकार माना गया। लेकिन व्यवहार में फर्क स्पष्ट था।

### सूडोकू बवाल-5265

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | 3 | 1 | | | 8 | |
| 3 | 6 | | 2 | | 7 | | 9 | |
| | | 7 | | | 6 | | 2 | 1 |
| | 7 | | 1 | | | | | |
| 1 | 3 | | | 4 | | | 7 | 2 |
| | | | | | 5 | | 4 | |
| 6 | 2 | | 4 | | | 9 | | |
| | 5 | | 6 | | 9 | | 1 | 8 |
| | 1 | | | 5 | 3 | | 6 | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकू बवाल -5264 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 9 | 3 | 4 | 5 | 7 |
| 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 7 | 1 | 3 | 9 |
| 5 | 7 | 3 | 4 | 6 | 9 | 2 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 3 | 4 | 6 |
| 4 | 8 | 6 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 3 | 2 | 8 | 4 | 6 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 6 | 1 | 9 | 3 | 5 | 8 | 2 | 4 |
| 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 3 |

## अपना ब्लॉग

### हर स्तर पर विशेषाधिकार

**मोहन।** रॉबिन कुक ने एक शब्द बनाया 'प्रिविलिजेंसिया'। उनका निष्कर्ष है कि विशेषाधिकार ऊपर से नीचे तक काम करता है। ऐसे अनेक उदाहरण हैं जब सीबीआई के मामले में अदालत ने असाधारण राहत दी। 1996 में चंद्रा स्वामी बनाम सीबीआई मामले में शीर्ष अदालत ने निर्देश दिया कि निचली अदालत जमानत खारिज कर दे, तब भी पूर्व प्रधानमंत्री पी वी नरसिंह राव को गिरफ्तार नहीं किया जाएगा। यह सीबीआई के प्रावधानों को निष्प्रभावी करने जैसा था। ऐसे उदाहरणों की कमी नहीं है। बड़ा सवाल यह है कि न्याय की देवी की प्रतिमा में ऐसे प्रतीकात्मक परिवर्तनों से क्या कार्य संस्कृति बदलेगी? असली चुनौतियां हैं न्याय को सस्ता और सुलभ बनाना, कम समय में मामलों का निपटारा करना, स्थगन के रिवाज को खत्म करना आदि। केवल न्याय की देवी की आंखों से पट्टी हटा देने से निष्पक्षता नहीं आएगी। वकीलों की फीस पर कोई सीलिंग नहीं है। कोई गरीब अच्छा वकील रख ही नहीं सकता।






## उर्फी जावेद बेच रही हैं अपनी ड्रेस, पर कीमत जान उड़े सबके होश!

उर्फी जावेद ने अपने अजीबोगरीब और अतरंगी ड्रेसेस की बदौलत नाम कमाया है। पहले उनकी काफी आलोचना होती थी, लेकिन अब उनके ड्रेसिंग सेंस को पसंद किया जाता है। उर्फी ने हाल ही में अपना गाउन बेचने के लिए एक पोस्ट शेयर किया, लेकिन कीमत जानकर सभी के होश उड़ गए। उर्फी जावेद ने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपने ब्लैक गाउन की फोटो शेयर की। उन्होंने बताया कि वो तितलियों और पत्ते वालीइस ड्रेस को 3.66 करोड़ में बेच रही हैं। उन्होंने लिखा, श्मैंने अपनी बटरफ्लाई ड्रेस बेचने का फैसला किया है, जिसे सभी ने बहुत पसंद किया। कीमत– 36690000 रुपये मात्र। जिन भी लोगों को इसे खरीदने में दिलचस्पी है, वो उन्हें व्ड कर सकते हैं। इस गाउन की कीमत ने सभी को हैरान कर दिया है। एक ने लिखा, श्बस 50 रुपये कम रह गए, वर्ना ले लेता। दूसरे ने कॉमेंट किया, श्ईएमआई पर मिलेगा क्या? मैं मोतीचूर के लड्डू के ब्याज दे सकता हूं। एक ने पूछा, क्या ड्रेस डायमंड है, जो 3 करोड़ रुपये कीमत रखी है? उर्फी की बहन डॉली ने भी लिखा, मैं इसे खरीद लेती, लेकिन मेरे पास एक डॉलर कम है।

## रैम्प वॉक करते–करते धड़ाम से गिरीं आला सना सुल्तान

बिग बॉस ओटीटी 3 में नजर आई सना सुल्तान ने हाल ही में मक्का मदीना में निकाह किया था। जिसकी तमाम तस्वीरें और वीडियोज शेयर किए थे और अपने शौहर से भी दुनियावालों को रूबरू करवाया था। इसके बाद वह मुंबई में भी दिखाई दी थीं और पैप्स को रिसेप्शन का न्यौता देती नजर आई थीं। इन सबके बीच अब उनका एक वीडियो सामने आया है, जहां वह रैम्प पर दो लड़कों के साथ चल रही हैं। हालांकि इस दौरान एक वाकया होता है, जिसे देख लोग यकीन नहीं करते हैं। सना सुल्तान ने रियलिटी शो बिग बॉस ओटीटी 3 से पॉप्युलैरिटी हासिल की थी। हर बात में आला शब्द का इस्तेमाल करने के लिए वह कई बार लोगों की आलोचनाओं का भी शिकार हुई हैं। लोगों ने उनका इस कारण खूब मजाक भी बनाया है। उन्होंने अपना इंस्टाग्राम पर एक लेटेस्ट वीडियो शेयर किया है, जो कि रैम्प वॉक के दौरान का है। यहां वह लड़खड़ाकर गिर जाती हैं। लेकिन इसके लिए उन्होंने लंबा–चौड़ा कैप्शन भी लिखा है। सना सुल्तान ने दो लड़कों का हाथ पकड़कर रैम्प पर आती हैं और तभी वह नीचे गिर जाती हैं।

## 65 साल की नीना गुप्ता बनीं गंजी चुड़ैल, अतरंगी अवतार दिखाकर दी धमकी



अनुभवी बॉलीवुड एक्ट्रेस नीना गुप्ता पूरी तरह से सोशल मीडिया सेंसेशन वाली गंजी चुड़ैल बन गई हैं और यहां तक कि खुद को जेन–जी चुड़ैल में बदल दिया है। सोशल मीडिया पर गंजी चुड़ैल वाला वीडियो बनाने के बाद नीना गुप्ता ने अपना मेकओवर कर लिया। इंस्टाग्राम पर यूट्यूब के एक वीडियो में, गंजी चुड़ैल बनीं नीना को तीन मेकअप आर्टिस्ट तैयार कर रही हैं। यह क्लिप तीन लड़कियों के साथ शुरू होती है जो गंजी चुड़ैल को तैयार कर रही हैं। एक आवाज सुनाई देती है श्एक बार तीन यूट्यूबर्स को किडनैप कर लेती है, गंजी चुड़ैल। ये वीडियो यूट्यूब ने अपने अकाउंट पर शेयर किया है। गंजी चुड़ैल का किरदार निभाने वाली नीना कहती हैं, श्थक गई हूं मैं ये बनके, अब तुम तीनो मुझे बेब बनाओगे। मना करने पर नीना मजाकिया अंदाज में उनके सोशल मीडिया हैंडल को डिलीट करने की धमकी देती हैं। फिर तीनों गंजी चुडैल को जेन–जी चुड़ैल में बदलने में मदद करते हैं। फिर वीडियो में दिखाया गया है कि कैसे गंजी चुड़ैल को नया रूप दिया जा रहा है और कैसे चुड़ैल के स्किन कलर के लिए कोई फाउंडेशन नहीं है। इसके बाद नीना को तैयार किया जाता है। फिर वीडियो में दिखाया गया है कि कैसे गंजी चुड़ैल को हेयर स्पा मिलता है। इसके बाद उसका मेकओवर किया जाता है, जहां उसका स्मोकी लुक और चमकदार ड्रेस फ्लॉन्ट होती है।

# एपी ढिल्लों पहुंचे मुंबई, कॉन्सर्ट से पहले बनिता संधू की चर्चा



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

*फेमस सिंगर एपी ढिल्लों अपकमिंग ब्राउनप्रिंट इंडिया टूर के लिए मुंबई में हैं। शनिवार को उनका वीडियो सामने आया, जिसमें वो एयरपोर्ट पर नजर आ रहे हैं। कड़ी सुरक्षा के बीच वो अपनी कार की तरफ बढ़े और रवाना हो गए। लेकिन लोग एक्ट्रेस बनिता संधू का जिक्र कर रहे हैं। कयास लगा रहे हैं कि दोनों का ब्रेकअप हो गया है। एपी ढिल्लों और बनिता संधू के रिश्ते की अफवाहों ने तब सुर्खियां बटोरीं, जब बनिता ने सिंगर के म्यूजिक वीडियो श्विद यूश् में एक्टिंग की। गाने में उनके रोमांटिक मोमेंट्स देखकर हर कोई चौंक गया।*

**एक-दूसरे को डेट कर रहे थे एपी ढिल्लों और बनिता?**
ऐसा कहा गया कि म्यूजिक वीडियो को बनिता और एपी के वेकेशन के दौरान रेकॉर्ड किया गया है। ये उनके रियल फुटेज हैं, जिसे श्विद यूश् गाने में इस्तेमाल किया गया है। दोनों एक–दूसरे को डेट कर रहे हैं। उन्हें अक्सर कई दफा साथ भी देखा गया, लेकिन उन्होंने अपने रिश्ते की कभी पुष्टि नहीं की।

**अब एरा स्टार को डेट कर रहे हैं सिंगर?**
दोनों को पिछले काफी समय से एक साथ नहीं देखा गया है। कई रिपोर्ट्स में ये भी दावा किया गया है कि एपी ढिल्लों ने कथित तौर पर बनिता से ब्रेकअप कर लिया है और अब वो



अफ्रोबीट्स सुपरस्टार एरा स्टार को डेट कर रहे हैं। उन्हें एक रेस्टोरेंट में साथ देखा गया था।

**एपी ढिल्लों के घर के बाहर फायरिंग**
कुछ महीने पहले जब एपी ढिल्लों ने सलमान खान के साथ गाना बनाया था, उसके बाद उनके कनाडा वाले घर के बाहर फायरिंग हुई थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फायरिंग के बाद लॉरेंस गैंग ने दावा किया था कि सलमान से करीबी के कारण एपी ढिल्लों को निशाना बनाया गया है।

# एक्ट्रेस आसिया काजी ने बॉयफ्रेंड गुलशन नयन से रचाई शादी

*पॉपुलर टीवी एक्ट्रेस आसिया काजी की शादी हो गई है। श्बालिका वधूश् और श्बंदिनीश् से स्टार बनीं आसिया ने बॉयफ्रेंड और एक्टर गुलशन नयन से शादी की।*



बालिका वधू और बंदिनी एक्ट्रेस आसिया काजी ने बॉयफ्रेंड गुलशन नयन से शादी कर ली है। आसिया और गुलशन लंबे समय से एक–दूसरे को डेट कर रहे थे। उनकी शादी की तस्वीरें वायरल हो रही हैं, जो एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर की हैं। आसिया काजी को दुल्हन बने देख फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। वो जमकर बधाइयां दे रहे हैं और न्यूली वेड कपल पर प्यार बरसा रहे हैं।

**दोस्त और परिवार के लोग ही शामिल**
अपनी शादी पर आसिया काजी ने लाल रंग का लहंगा पहना था, जिसमें वह बेहद खूबसूरत लग रही थीं। वहीं दूल्हे राजा गुलशन नयन रॉयल ब्लू कलर की शेरवानी पहनी थी। आसिया की शादी बेहद निजी समारोह था, जिसमें सिर्फ करीबी दोस्त और परिवार के लोग ही शामिल हुए थे।

**8 साल से कर रहे थे डेट, यहां हुई थी पहली मुलाकात**
आसिया काजी और गुलशन के रिश्ते की बात करें, तो दोनों 8 साल से एक–दूसरे को डेट कर रहे थे। दोनों की पहली मुलाकात सिलेब्रिटी क्रिकेट लीग के दौरान हुई थी। अब शादी करके दोनों पति–पत्नी के तौर पर नए सफर की शुरुआत के लिए एक्साइटेड हैं।

**परिवार को रिश्ते से था ऐतराज! ऐसे बनी बात**
रिपोर्ट्स के मुताबिक, शुरुआत में आसिया काजी और गुलशन के घरवाले इस रिश्ते के लिए तैयार नहीं थे। अलग–अलग धर्म से होने के कारण उन्हें ऐतराज था। पर आसिया और गुलशन ने कभी एक–दूसरे का साथ नहीं छोड़ा। आखिरकार दोनों के घरवाले मान गए और आसिया–गुलशन की शादी हो गई।

# बड़े–बुजुर्ग बताकर गए ठंड में अमरूद खाने का देसी तरीका



*कच्चा अमरूद खाने से दांत मजबूत रहते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि यह आपकी खांसी और इंफेक्शन को दूर रख सकता है। इसके लिए अमरूद को बड़े-बुजुर्गों के देसी तरीके से खाना पड़ेगा। इसमें कोलेस्ट्रॉल, हाई बीपी और डायबिटीज को कंट्रोल करने की ताकत भी होती है।*

**1 दिन में कितने अमरूद खाने चाहिए?**

इस बात का ध्यान रखें कि एक दिन में एक अमरूद खाएं। इसमें फाइबर की मात्रा बहुत ज्यादा होती है, जिसके कारण ज्यादा खाने पर ब्लोटिंग, पेट दर्द जैसी दिक्कतें हो सकती हैं। अमरूद को खाने के कई तरीके हैं। इसे कच्चा या मिर्च–मसाले के साथ खा सकते हैं। लेकिन बड़े–बुजुर्ग सर्दियों में अमरूद खाने का दूसरा तरीका बताते हैं। यह मान्यता है कि इस मौसम में अमरूद को भूनकर खाना चाहिए। अमरूद को गूंथे हुए आटे में लपेटकर भी आंच पर भूना जाता है।

**धसका खांसी का इलाज**

ठंडे मौसम में इंफेक्शन होने का खतरा अधिक होता है। इस वजह से खांसी या धसका लगने की समस्या रहती है। बड़े बुजुर्गों का मानना है कि इस उपाय से धसका खांसी में राहत मिलती है। शोध भी मानता है कि अमरूद के अंदर भारी मात्रा में विटामिन सी होता है, जो इम्यूनिटी बढ़ाकर इंफेक्शन को जल्दी ठीक करने में मदद करता है।

**जल्दी होगा वेट लॉस**

अमरूद खाने से मोटापे की बीमारी से जल्दी छुटकारा मिल सकता है। इसके अंदर बहुत कम कैलोरी होती हैं और फाइबर कूट–कूटकर भरा होता है। इस वजह से यह पेट को देर तक भरा रखता है और जरूरी विटामिन–मिनरल भी देता है। अमरूद से वेट लॉस के अलावा कब्ज या खराब डायजेशन भी ठीक हो सकता है।

**कोलेस्ट्रॉल और बीपी की समस्या**

अमरूद खाने से दिल को हेल्दी रखा जा सकता है। इसके अंदर पोटैशियम होता है जो नसों को रिलैक्स करके ब्लड प्रेशर बढ़ने से रोकता है। दूसरी तरफ हाई फाइबर की मात्रा गंदे कोलेस्ट्रॉल को घटाने में मदद करती है।

**डायबिटीज में कारगर**

अगर किसी को ब्लड शुगर बढ़ने की समस्या है तो अमरूद का सेवन उसे भी कम कर सकता है। कई शोध बताते हैं कि अमरूद के अंदर मौजूद रस एंटी डायबिटिक की तरह काम करता है। जिससे ब्लड शुगर लंबे समय तक कंट्रोल रहता है। ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस और फ्री रेडिकल्स को कैंसर का कारण माना जाता है। लेकिन अमरूद खाने से ये दोनों ही खतरनाक तत्व कम होते हैं। इस फल से बहुत सारे एंटीऑक्सीडेंट मिलते हैं, जो सेल्स को हेल्दी रखकर कैंसर का खतरा कम करते हैं।



## आंखों के सामने शुरू होता है फैटी लिवर, मगर कोई नहीं देता ध्यान

अधिकतर लोगों को फैटी लिवर का तब पता चलता है जब वो खतरनाक स्टेज में पहुंच जाता है। लेकिन डॉक्टर रोबिन शर्मा का कहना है कि फैटी लिवर के 4 लक्षण आंखों के सामने दिखते रहते हैं। लेकिन इन्हें आम मानकर लोग उनके ऊपर ध्यान नहीं देते हैं और इग्नोर कर देते हैं। जब कोई फैटी लिवर के लक्षण इग्नोर कर देता है तो कंडीशन गंभीर होने लगती है। जब बीमारी बिल्कुल खतरनाक हो जाती है तो इलाज मुश्किल हो जाता है। इन 4 लक्षणों पर ध्यान देकर फैटी लिवर की कंडीशन को पहले पहचानने में बहुत मदद मिलेगी। डॉक्टर ने कहा कि बहुत ज्यादा थकान या कमजोरी बनी रहना फैटी लिवर का सबसे पहला लक्षण है। अगर पूरे दिन आराम करने के बाद भी शरीर थका–थका रहता है तो सावधान हो जाना चाहिए। यह फैटी लिवर का चेतावनी भरा संकेत हो सकता है। पेट में भारीपन या दर्द बने रहना फैटी लिवर का इशारा हो सकता है। खासतौर से पेट के दाईं ओर ऊपर की तरफ दर्द या भारीपन शरीर के लिए अच्छे संकेत नहीं हैं। त्वचा के रंग में तेजी के साथ बदलाव आना इग्नोर न करें, , खासतौर पर त्वचा में पीलापन। अगर आपकी स्किन अचानक से डार्क होने लगे या फिर दाग–धब्बे दिखाई देने लगे तो मतलब है कि लिवर सही तरीके से काम नहीं कर रहा है। जिसकी वजह से स्किन के नीचे टॉक्सिन इक्ट्ठा होने लगे हैं।

## जितना मर्जी पानी पी लो, अगर ये चीज नहीं ली तो शरीर नहीं होगा हाइड्रेट

डाइटिशियन का कहना है कि पीए हुए पानी को सेल्स तक पहुंचाने का काम कुछ चीजें करती हैं। इन्हें इलेक्ट्रोलाइट कहा जाता है। सोडियम, पोटैशियम और मैग्नीशियम प्रमुख इलेक्ट्रोलाइट हैं, जिनकी डाइट में कमी से सेल्स डिहाइड्रेट हो सकती हैं। सोडियम हमारे पानी को सेल्स तक पहुंचाता है। पोटैशियम एनर्जी को बनाता है। मैग्नीशियम मसल्स को कॉन्ट्रैक्ट और रिलैक्स होने में मदद करता है। डाइटिशियन के मुताबिक सोडियम नमक से मिलता है, लेकिन पिंक हिमालयन सॉल्ट सोडियम बैलेंस करने का बेस्ट सोर्स है। एनर्जी में कमी, मीठा खाने की क्रेविंग या लो ब्लड शुगर सोडियम लेवल कम होने से होता है। इसके अलावा पोटैशियम के लिए केला और शकरकंद बेस्ट सोर्स हैं। वहीं, मैग्नीशियम के बेस्ट सोर्स बादाम, काजू और कद्दू के बीज हैं। आपके शरीर के लिए पानी की जरूरत आपकी फिजिकल एक्टिविटी, लिंग और मौसम पर निर्भर करती है।

## सर्दियों में बार–बार आ रहा पेशाब? तो तुरंत भागें डॉक्टर के पास



सर्दियों में बार–बार पेशाब आना कई लोगों के लिए सामान्य है। ठंड में ज्यादा पेशाब आने के कई कारण हो सकते हैं। ठंड में शरीर के रक्तवाहिकाएं सिकुड़ जाती हैं ताकि शरीर की गर्मी बनी रहे। इससे ब्लड प्रेशर बढ़ता है और किडनी अतिरिक्त तरल को निकालने के लिए अधिक पेशाब बनाती हैं। जाहिर है सर्दियों में पसीना कम निकलता है, जिससे शरीर पानी की मात्रा को पेशाब के जरिए बाहर निकालता है। इसके अलावा सर्दियों में गर्म पेय जैसे चाय, कॉफी, या सूप का सेवन अधिक होता है, जिससे पेशाब अधिक आ सकता है सकता है। मूत्र पथ में संक्रमण की वजह से पेशाब ज्यादा आ सकता है। इसके साथ अगर आपको पेशाब के समय जलन, बार–बार पेशाब की तलब, या पेशाब में बदबू जैसे लक्षण महसूस हो रहे हैं, तो यह जांच का विषय है। सर्दियों में पानी कम पीने से यूटीआई की समस्या बढ़ सकती है। बार–बार पेशाब आना डायबिटीज का सबसे पहला लक्षण है। दरअसल हाई ब्लड शुगर की वजह से किडनी ग्लूकोज निकालने के लिए अधिक पेशाब बनाती है। इसकी वजह से खासकर रात को ज्यादा पेशाब आता है। किडनी की शुरुआती समस्या बार–बार पेशाब और रात में पेशाब की आवश्यकता के रूप में दिख सकती है। किडनी में प्रॉब्लम कई तरह की हो सकती हैं, जैसे कि किडनी में संक्रमण, किडनी की चोट, क्रोनिक किडनी रोग और किडनी फेलियर। इसके अलावा पुरुषों में प्रोस्टेट बढ़ने से मूत्राशय पर दबाव पड़ सकता है, जिससे बार–बार पेशाब आता है।

# खाने वाले 90 प्रतिशत लोगों को कैंसर का खतरा, आप तो नहीं ले रहे मजा



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

*हेल्दी रहने के लिए खाने वाली चीज के साथ इस पर भी ध्यान दें कि वो किस चीज में रखा है। क्योंकि उस चीज के गुण खाने में आकर शरीर में प्रवेश कर सकते हैं। अगर यह गुण हानिकारक हैं तो आपको कैंसर से लेकर डायबिटीज का खतरा हो सकता है।*

**सद्गुरु कभी नहीं खाते २ चीजों में रखा खाना**

सद्गगुरु ने बताया कि कैन या बोतल में रखा व आने वाला कोई भी फूड नहीं खाते हैं। उन्होंने कहा कि फूड को प्लांट से आना चाहिए, न कि कैन या बोतल से। हां आप एक खास वक्त पर इसका सेवन जरूर कर सकते हैं। सद्गुरु जग्गी वासुदेव ने कहा कि अगर बात जिंदगी की है तो आप कैन या बोतल में आने वाला खाना खा सकते हैं। लेकिन बार–बार या हर रोज इसे न खाएं। कुछ बीमारियों के अंदर भी ऐसा खाना खाने की सलाह दी जाती है, क्योंकि इसमें अलग से पौष्टिक तत्व डाले जाते हैं।

**खाने वाले 90 प्रतिशत को बीपीए का खतरा**

जो फूड पैकेज्ड होते हैं, उनके अंदर बीपीए केमिकल होता है। यही बात कैन पर भी लागू होती है। एक अध्ययन में 78 कैन फूड के सैंपल लिए गए, जिसमें से करीब 90 प्रतिशत में इसकी मात्रा निकली। अगर इन फूड्स का 5 दिन भी लगातार सेवन किया जाए तो शरीर में बीपीए की अत्यधिक मात्रा हो सकती है। इस केमिकल की वजह से कैंसर, टाइप 2 डायबिटीज, हार्ट डिजीज और इरेक्टाइल डिस्फंक्शन का खतरा बढ़ जाता है।




**हाई ब्लड प्रेशर का खतरा**

पैकेज्ड फूड में सोडियम की मात्रा ज्यादा हो सकती है। इसे हाई ब्लड प्रेशर का प्रमुख कारण माना जाता है। जो कि दिल की बीमारियों के विकास में भूमिका निभा सकता है।

**हाई एलडीएल कोलेस्ट्रहल**

कैन व बोतलबंद खाने में फैट की मात्रा हो सकती है। यह अक्सर सैचुरेटेड फैट होता है, जो कि सबसे गंदा माना जाता है। यह खून के अंदर एलडीएल कोलेस्ट्रॉल बढ़ाता है जो कि नसों में जमकर दिल की बीमारी पैदा कर सकता है।

**डायबिटीज**

पैकेज्ड फूड व ड्रिंक्स में आर्टिफिशियल स्वीटनर हो सकते हैं। यह मीठा खून में तेजी से घुलता है और ब्लड शुगर बढ़ाता है। लंबे समय तक इन चीजों का सेवन करने पर डायबिटीज की बीमारी पैदा हो सकती है।



## ऑस्ट्रेलिया की साख की बात

एनसीए समूह कथित तौर पर शमी से मिली जानकारी से सेलेक्टर्स और भारतीय नेतृत्व को अवगत करा रहा है। बता दें कि शमी के टखने की समस्या ने भारत की चिंता बढ़ा रखी है। वह एक साल से ज्यादा समय से टीम इंडिया से बाहर है। उनके घुटने में सूजन है, जिसकी वजह से उनकी वापसी पर इतना सोच-विचार किया जा रहा है, जबकि उनकी प्रथम श्रेणी की तैयारी चिंता का विषय बनी हुई है। अब देखना होगा कि क्या शमी की एसएमएटी मैच के प्रदर्शन को देखते हुए उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना किया जाता है या नहीं?

## मोहम्मद शमी खेल सकते हैं बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर की है, जिसमें उन्होंने बताया है कि क्रिकेट उनके जीवन में कितना मायने रखता है। वायरल वीडियो में शमी को नेट्स पर घातक गेंदबाजी करते हुए देखा जा रहा है। नेट्स पर शमी गेंदबाजी ही नहीं, बल्कि बैटिंग भी करते हुए नजर आ रहे हैं। बता दें कि मोहम्मद शमी टीम इंडिया से काफी समय से दूर हैं, क्योंकि साल 2023 वनडे विश्व कप के दौरान वह इंजर्ड हो गए थे और इसके बाद उन्होंने सर्जरी से लेकर काफी दिक्कतों का डटकर सामना किया। फिर रणजी ट्रॉफी के जरिए उन्होंने बंगाल के लिए कातिलाना प्रदर्शन कर महफिल लूटी। मौजूदा समय में वह सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में गेंद से कहर बरपा रहे हैं। खेले गए ग्रुप-ए के मैच में उन्होंने बंगाल को मेघालय के खिलाफ 6 विकेट से जीत दिलाने में अहम योगदान दिया। दरअसल, मोहम्मद शमी ने निरंजन शाह स्टेडियम में मेघालय के खिलाफ कोई विकेट नहीं लिया, लेकिन 4 ओवर में उन्होंने केवल 16 रन ही लुटाए। इस दौरान उनका इकॉनमी रेट 4 का रहा। उनके शानदार स्पैल ने हर किसी का ध्यान खींच लिया है।

# भारतीय कप्तान मोहम्मद अमान ने ठोका दमदार शतक

### भारतीय टीम ने टॉस गंवाकर की पहले बल्लेबाजी

क्रिकेट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

शारजाह। भारतीय अंडर 19 टीम के कप्तान मोहम्मद अमान ने जापान के खिलाफ कमाल कर दिया। उन्होंने एसीसी अंडर 19 एशिया कप में गजब का शतक ठोका। अमान ने 106 बॉल पर अपना शतक पूरा किया। अमान 81 रन पर 2 विकेट गिरने के बाद बल्लेबाजी करने के लिए उतरे थे। उन्होंने काफी समझदारी के साथ बल्लेबाजी की। अमान ने प्रॉपर क्रिकेटिंग शॉट्स खेले और रन बनाने में कोई भी जल्दबाजी नहीं की। जब वह एक बार सेट हो गए। उसके बाद उन्होंने अपने असली रंग दिखाए।

18 साल के मोहम्मद अमान अंत तक नाबाद रहे और उन्होंने 103 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए 118 गेंद में नाबाद 122 रन बनाए। अपनी पारी के दौरान अमान ने 7 चौके लगाए। वह भारत की ओर से सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे। जापान अंडर 19 क्रिकेट टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया था। ऐसे में भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पूरे 50 ओवर खेले और 6 विकेट पर 339 रन ठोक दिए। यह इस अंडर 19 एशिया कप के एडिशन में किसी भी टीम द्वारा सबसे बड़ा स्कोर है। भारत के ओपनर आयुष म्हात्रे ने 27 गेंद पर इस मैच में अपना अर्धशतक (54 रन) पूरा किया था। आयुष ने अपनी पारी में 6 चौके और 4 छक्के भी लगाए थे। केपी कार्तिकेय ने भी मिडिल ऑर्डर में आकर अच्छी बल्लेबाजी की।




उन्होंने 49 गेंद में 57 रन बनाए। इस एशिया कप का यह सबसे तेज अर्धशतक था। हालांकि वैभव सूर्यवंशी एक बार फिर बड़ी पारी खेलने में फ्लॉप हो गए। उनको स्टार्ट तो अच्छा मिला था। लेकिन वह उसको बड़ी पारी में तब्दील नहीं कर पाए और सिर्फ 23 रन के स्कोर पर आउट हो गए। जापान को भारत ने 340 रन का बड़ा टारगेट दिया है। मोहम्मद अमान सिर्फ 16 साल के थे, जब उनके सिर से माता-पिता का साया उठ गया था। उनके देहांत के बाद मोहम्मद पर 3 भाई-बहनों की जिम्मेदारी आ गई थी। 16 साल की उम्र में माता-पिता को खोने का दुख क्या होता है ये क्रिकेटर मोहम्मद अमान ही समझ सकते हैं। उनकी मां का देहांत साल 2020 में कोविड-19 महामारी के दौरान हुआ, जबकि उनके पिता जो कि एक ट्रक ड्राइवर थे, उन्होंने कोरोना काल के दौरान अपनी नौकरी गंवा दी और 2 साल तक लंबे बीमारी से जूझने के बाद उनकी भी मृत्यु हो गई।

# ईशान किशन को किसी भी कीमत पर अपने साथ रखना चाहती थी एमआई!

■2018 से 2024 तक एमआई का हिस्सा रहे ईशान किशन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। आईपीएल 2025 ऑक्शन से पहले पांच बार की विजेता मुंबई इंडियंस की टीम ने ईशान किशन (पैंद झपैंद) को रिलीज कर हर किसी को हैरान किया था। फिर ऑक्शन में मुंबई की टीम ने उन्हें खरीदने के लिए भी खास दिलचस्पी नहीं दिखाई और सनराइजर्स हैदराबाद ने उन्हें 11.25 करोड़ रुपये में खरीदा। ईशान किशन को रिलीज करने का गम मुंबई इंडियंस को भी है। हाल ही में मुंबई इंडियंस ने अपने एक्स पर एक वीडियो शेयर की है, जिसमें कप्तान हार्दिक पांड्या ईशान किशन को फेयरवेल मैसेज दिया। उनका वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। ऑक्शन से पहले मुंबई इंडियंस ने ईशान को रिलीज कर दिया था और ऑक्शन में भी उन्हें लेने के लिए कुछ खास दिलचस्पी नहीं दिखाई। मुंबई इंडियंस ने ईशान को खरीदने के लिए 3.20 करोड़ रुपए तक बोली लगाई और फिर आगे पैडल नहीं उठाया। इस तरह सनराइजर्स हैदराबाद ने ईशान को 11.25 करोड़ रुपये में खरीदा।

मुंबई इंडियंस छोड़ने के बाद हार्दिक पांड्या ने ईशान किशन को फेयरवेल मैसेज दिया। हार्दिक ने ईशान को मुंबई इंडियंस का पॉकेट डायनेमो बताया है। बता दें कि ईशान किशन मुंबई इंडियंस के लिए 6 साल से आईपीएल खेल रहे थे। साल 2018 से 2024 आईपीएल के दौरान उनकी मौजूदगी में दो बार मुंबई की टीम ने खिताब जीता।


इस बीच एमआई द्वारा शेयर की गई वीडियो में हार्दिक पांड्या इमोशनल नजर आए और उन्होंने कहा कि वह (ईशान) हमेशा ड्रेसिंग रूम का माहौल अच्छा रखते थे। वह बहुत से लोगों को हंसाते थे। यह प्यार और गर्मजोशी उनके लिए बहुत स्वाभाविक थी। हमें उसकी कमी खलेगी। ईशान किशन आप मुंबई इंडियंस के पॉकेट डायनेमो थे और हम सभी को आपकी कमी खलेगी। हम सभी आपसे प्यार करते हैं।

हार्दिक ने ये भी बताया कि ईशान किशन को आईपीएल की बड़ी नीलामी में वापस लाने को लेकर कहा कि जब हम उन्हें रिटेन नहीं कर पाए तो हमें हमेशा पता था कि उन्हें नीलामी में वापस पाना मुश्किल होगा क्योंकि हम जानते थे कि वह किस तरह का खिलाड़ी है और उसके पास किस तरह का हुनर है।

## अब भारत एडिलेड डे-नाइट टेस्ट में चलाएगा ब्रह्मास्त्र

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कैनबरा। पर्थ टेस्ट में केएल राहुल की शानदार पारी के बाद से भारतीय प्लेइंग इलेवन में कप्तान रोहित शर्मा की पोजिशन को लेकर बहस छिड़ी हुई है। रोहित ने प्रैक्टिस मैच में चौथे क्रम पर उतरकर इस बहस को और हवा दे दी। एडिलेड में 6 दिसंबर से शुरू होने वाले सीरीज के दूसरे टेस्ट से पहले टीम इंडिया को पीएम-इलेवन के खिलाफ पिंक बॉल प्रैक्टिस मैच में कुछ सवालों को जवाब जरूर हासिल मिल गए। इसमें सबसे अहम शुभमन गिल की फिटनेस से जुड़ी चिंता थी, जिसे उन्होंने एक शानदार अर्धशतकीय पारी खेलकर दूर किया। अंगूठे में लगी चोट के कारण गिल पर्थ टेस्ट में खेल नहीं सके थे और उनकी जगह देवदत्त पडिक्कल को टीम में शामिल किया गया था। गिल ने इस मैच में क्रीज पर आते ही तेज गेंदबाज माहली बेयर्डमैन पर स्क्वॉयर कट से चौका जड़ा।

## न्यूज डायरी



## पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर बोले- उन्हें वहीं जाकर मारके आओ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने चैंपियंस ट्रॉफी विवाद को अपने एक बयान से और बढ़ा दिया है। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की मेजबानी पाकिस्तान को मिली थी, लेकिन इसका वेन्यू और शेड्यूल पर अभी तक फैसला नहीं लिया गया है। बीसीसीआई ने आईसीसी को इस टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम के पाकिस्तान जाने से साफ इनकार कर रखा है। आईसीसी अब हाइब्रिड मॉडल के तहत इस टूर्नामेंट क कराने की प्लानिंग कर रहा है। इस बीच शोएब अख्तर ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि मैं चाहता हूं कि भारत के ना जाने की बात को लेकर ज्यादा बयानबाजी नहीं होनी चाहिए। मैं चाहता हूं कि हमारी टीम भारत जाए और वहां उन्हें मारकर आए। दरअसल, पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर शोएब अख्तर ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के उस फैसले का समर्थन किया है, जिसमें चैंपियंस ट्रॉफी के लिए ज्यादा रेवेन्यू शेयर की मांग की गई है, क्योंकि अब यह टूर्नामेंट हाइब्रिड मॉडल में खेला जाएगा। हालांकि, एक मुद्दे पर अख्तर बोर्ड से असहमत हैं, वो है भारत में फ्यूचर में होने वाले आईसीसी इवेंट्स में पाकिस्तानी टीम का नहीं खेलने का फैसला। अख्तर ने कहा कि होस्टिंग राइट्स और रेवेन्यू मिलता है, ये ठीक है। हम सभी ये समझते हैं। पाकिस्तान का रुख भी वाजिब है। आखिरकार, अगर हम अपने देश में चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी कर रहे हैं और वो (भारत) आने को तैयार नहीं हैं, तो उन्हें ज्यादा रेवेन्यू शेयर देना चाहिए। ये सही फैसला है।

## हैरिस रउफ ने टी20 क्रिकेट में किया बड़ा धमाका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पाकिस्तान के स्टार तेज गेंदबाज हैरिस रउफ के लिए जिंबाब्वे के खिलाफ पहला टी20 इंटरनेशनल मुकाबला ऐतिहासिक साबित हुआ। रउफ ने बुलावायो में खेले गए मैच में 3 ओवर में 17 रन देकर दो विकेट लिए और टी20 इंटरनेशनल प्रारूप में पाकिस्तान के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने। हैरिस रउफ ने जिंबाब्वे के रयान बर्ल (3) और ब्लेसिंग मुजरबानी को अपना शिकार बनाया। रउफ ने पाकिस्तान के लिए सबसे ज्यादा टी20 इंटरनेशनल विकेट लेने के मामले में शादाब खान को पीछे छोड़ा। 31 साल के रउफ ने 76 टी20 इंटरनेशनल मैचों में 20.45 की औसत से 109 विकेट झटके। वहीं, शादाब खान ने 104 टी20 इंटरनेशनल मैचों में 23.57 की औसत से 107 विकेट झटके। वैसे, टी20 इंटरनेशनल प्रारूप की बात करें तो सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड न्यूजीलैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज टिम साउथी के नाम दर्ज है। साउथी ने 126 मैचों में 22.38 की औसत से 164 विकेट चटकाए। अफगानिस्तान के राशिद खान 152 विकेट के साथ दूसरे स्थान पर हैं। हैरिस रउफ अभी टॉप-10 की लिस्ट से बाहर हैं। वह टी20 इंटरनेशनल प्रारूप में सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले में 14वें नंबर पर काबिज हैं। बता दें कि पाकिस्तान ने जिंबाब्वे को तीन टी20 इंटरनेशनल मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में 57 रन से परास्त किया। पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी की और निर्धारित 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 165 रन बनाए।

## पिंक बॉल टेस्ट के लिए एडिलेड रवाना हुई टीम इंडिया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कैनबरा। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय क्रिकेट टीम सोमवार को कैनबरा से एडिलेड टेस्ट के लिए रवाना हो गई है। यह टेस्ट मैच 6 दिसंबर से शुरू होगा। कैनबरा में टीम ने प्राइम मिनिस्टर इलेवन के खिलाफ दो दिवसीय वार्म-अप मैच खेला था। रविवार को हुए वार्म-अप मैच में तेज गेंदबाज हर्षित राणा ने चार विकेट लिए और शुभमन गिल, नीतीश कुमार रेड्डी और यशस्वी जायसवाल ने शानदार बल्लेबाजी की, जिसकी मदद से भारत ने ऑस्ट्रेलिया की प्रधानमंत्री इलेवन को पांच विकेट से हराया। कैनबरा के टीम होटल से रवाना होते समय, कप्तान रोहित शर्मा और स्टार तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को होटल के बाहर इंतजार कर रहे प्रशंसकों के साथ सेल्फी लेते देखा गया। शीर्ष बल्लेबाज शुभमन गिल और सहायक कोच अभिषेक नायर को भी अन्य खिलाड़ियों के साथ एडिलेड के लिए रवाना होते देखा गया। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी का दूसरा टेस्ट एडिलेड में पिंक बॉल से खेला जाएगा। यह एक डे-नाइट टेस्ट होने वाला है, जिसके लिए फैंस काफी ज्यादा उत्साहित हैं।

पोंटा–बल्लूपुर हाईवे निर्माण कार्यों की प्रगति स्थलीय निरीक्षण कर जानते हुए जिलाधिकारी।



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### डीएम ने स्थलीय निरीक्षण कर जानी पोंटा–बल्लूपुर हाईवे निर्माण कार्यों की प्रगति

**संवाददाता** देहरादून। जिलाधिकारी सविन बंसल ने पोंटा–बल्लूपुर हाईवे निरीक्षण करते हुए कार्य प्रगति को देखा। इस दौरान उन्होंने मसूरी बाईपास निर्माण की भी जानकारी अधिकारियों से ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। एनएचएआई प्रोजेक्ट आशारोड़ी से झाजरा तक के लिए भूमि अधिग्रहित कर एनएचएआई को दी गई है, क्षेत्रीय निवासियों द्वारा अंडरपास की मांग किए जाने पर एनएचएआई के अधिकारियों को क्षेत्रीय ग्रामीणों से बैठक कर ग्रामीणों की अंडरपास की व्यवहारिक मांग पर निर्धारित मानको के अनुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सुधोवाला से मसूरी बाईपास निर्माण कार्यों की जानकारी प्राप्त करते हुए मानचित्र का अवलोकन किया।

### वर्षो बाद राजपुर रोड डिवाईडर का काम हो गया शुरू

**संवाददाता** देहरादून। जनपद के शहरी क्षेत्र में सड़क सुरक्षा कार्य निरंतर गतिमान हैं। उपजिलाधिकारी/नोडल अधिकारी कुमकुम जोशी द्वारा डीएम के निर्देश के क्रम में सड़क सुधारीकरण कार्यों को धरातल पर उतारने हेतु निरंतर फील्ड विजिट की जा रहीं हैं, सड़क सुधारीकरण, स्पीड ब्रेकर एवं जेबरा क्रॉसिंग का कार्य तेजी से गतिमान है। डीएम स्वयं सड़क सुरक्षा कार्यों की मॉनीटरिंग कर रहे हैं। ओएनजीसी चौक का कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा न्यू कैंट रोड पर चिन्हित पांच स्थानों पर स्पीड ब्रेकर बना दिए गए हैं।

### बीएड कालेजों की सीटें भरने की मांग

**संवाददाता** देहरादून। श्री देव सुमन विश्वविद्यालय से संबद्ध बीएड कॉलेजों में खाली पड़ी करीब पचास प्रतिशत सीटें भरने को निजी कालेज जल्द ही शिक्षा मंत्री डा.धनसिंह से मुलाकात करेंगे। सोमवार को सनराइज एकेडमी में रायपुर रोड में हुई कालेज संचालकों व प्रिंसिपलों की बैठक में ये तय किया गया। निजी कालेज एसोसिएशन के अध्यक्ष डा. सुनील अग्रवाल ने बताया कि तीन विश्वविद्यालयों की 7450 सीटों के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा का आयोजन श्रीदेव सुमन विवि की ओर से किया गया था।

### पीसी ज्वेलर लिमिटेड तेजी से आगे बढ़ती ज्वैलरी रिटेल चैन


**संवाददाता** देहरादून। पीसी ज्वेलर लिमिटेड (बीएसई: 534809, एनएसई: पीसीज्वेलर), जो भारत में सबसे तेजी से आगे बढ़ती ज्वैलरी रिटेल चैन में से एक है, जिसने घोषणा की है कि उसने कंपनी के इक्विटी शेयरों के 1:10 रेशों में स्प्लिट के लिए रिकॉर्ड तिथि के रूप में 16 दिसंबर, 2024 निर्धारित किया है, यानी 1 इक्विटी शेयर को 10 इक्विटी शेयरों में स्प्लिट किया जाएगा।

# जल आपूर्ति योजनाओं के सोशल ऑडिट में स्थानीय महिलाओं की भागीदारी जरूरी

**निर्देश**

■ पेयजल मामलों में शिकायत निवारण में सुधार को लेकर मुख्य सचिव गंभीर

■ सचिव पेयजल को जल जीवन मिशन के समयसीमा विस्तार को सरकार पत्र भेजने के निर्देश



**संवाददाता**

देहरादून। जल आपूर्ति योजनाओं के सोशल ऑडिट को प्रभावी बनाने तथा पेयजल योजनाओं में महिलाओं के फीडबैक को सर्वाधिक महत्वपूर्ण बताते हुए मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने सोशल ऑडिट में जल उपभोक्ताओं में विशेषकर स्थानीय महिलाओं को शामिल करने के सख्त निर्देश दिए हैं। पेयजल सम्बन्धित मामलों पर आम नागरिकों की संतुष्टि को शीर्ष प्राथमिकता देने की कड़ी हिदायत देते हुए मुख्य सचिव श्रीमती रतूड़ी ने इस क्षेत्र में बेस्ट प्रेक्टिसेज को अपनाने तथा शिकायत निवारण तंत्र को मजबूत करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही सचिवालय में अर्द्ध शहरी क्षेत्रों में विश्व बैंक से सहायता प्राप्त उत्तराखण्ड जल आपूर्ति कार्यक्रम की 11वीं उच्चाधिकार प्राप्त समिति की बैठक में सीएस श्रीमती राधा रतूड़ी ने पेयजल विभाग एवं अन्य सम्बन्धित अधिकारियों को जल जीवन मिशन के समयसीमा विस्तार हेतु भारत सरकार को तत्काल पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिए हैं।

आमजन को अबाध जलापूर्ति के साथ ही पेयजल की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश देते हुए मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने बेस्ट प्रैक्टिसेज के तहत यूजर फ्रेण्डली डैशबोर्ड पर स्टेट ऑफ आर्ट एमआईएस में सभी मुख्य परफोर्मेन्स इण्डिकेटर्स को दर्ज करने की हिदायत दी है।

सोमवार की की बैठक में मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने उत्तराखण्ड जल आपूर्ति कार्यक्रम हेतु प्रोजेक्ट मेनेजमेंट कन्सलटेन्सी फर्म की समयसीमा विस्तार तथा इस कार्यक्रम के इन्वायरमेंट ऑडिट पर प्रशासनिक एवं वित्तीय का अनुमोदन दिया। इसके साथ ही उन्होंने उत्तराखण्ड जल आपूर्ति कार्यक्रम के लिए कन्सलटेन्सी सेवाओं की नियुक्ति हेतु प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी। सीएस ने उत्तराखण्ड पेयजल निगम की मोहेलिया तथा उमरूखुर्द जलापूर्ति योजनाओं के समयसीमा विस्तार पर भी अनुमोदन दिया।

बैठक में जानकारी दी गई कि 975 करोड़ रूपये लागत की विश्व बैंक से सहायता प्राप्त उत्तराखण्ड जल आपूर्ति कार्यक्रम में देहरादून, टिहरी, हरिद्वार, नैनीताल एवं उधमसिंह नगर के 22 अर्द्ध शहरी क्षेत्रों में 100 प्रतिशत वॉल्यूमीटरिंग के साथ 16 घण्टे अबाध प्रतिदिन जलापूर्ति की जा रही है। इसके तहत 106202 वाटर कनेक्शन के साथ बड़ी आबादी लाभान्वित हो रही है। उत्तराखण्ड जल आपूर्ति कार्यक्रम के तहत संचालित कुल 22 अर्द्ध शहरी योजनाओं में सभी योजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं। योजना पर विश्व बैंक द्वारा भी संतुष्टि व्यक्त की गई है।

इस अवसर पर सचिव दिलीप जावलकर, शैलेश बगोली सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### 48 घण्टे के भीतर शिकायतों के निवारण के भी निर्देश

मुख्य सचिव ने सर्विस डिलीवरी में गैप आने पर सम्बन्धित इंजीनियरों को एसएमएस के माध्यम से ऑटो एलर्ट भेजकर शिकायत निवारण तंत्र को मजबूत करने तथा 48 घण्टे के भीतर शिकायतों के निवारण के भी निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने उपभोक्ताओं के संतुष्टिकरण के प्रतिशत को बढ़ाने के लिए निरन्तर कार्य करने के निर्देश दिए हैं।

# जौनसार की समृद्ध संस्कृति, विरासत से परिचित होंगे लोगः सीएम

**लांच**

■ सीएम ने पहली जौनसारी फीचर फिल्म "मैरै गांव की बाट" का प्रोमो और पोस्टर लांच किया



**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को पहली जौनसारी फीचर फिल्म "मैरै गांव की बाट" का प्रोमो और पोस्टर लांच किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार क्षेत्रीय संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए आंचलिक फिल्मों के निर्माण और प्रचार प्रसार में पूरा सहयोग दे रही है।

सोमवार को मुख्यमंत्री आवास में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य गठन के बाद अब पहली जौनसारी फीचर फिल्म बनकर तैयार हो गई है। इस फिल्म के जरिए जौनसार की समृद्ध संस्कृति, विरासत, रीति रिवाजों को देखने जानने का मौका मिलेगा। उन्होंने दर्शकों से फिल्म देखने की अपील करते हुए कहा कि, राज्य सरकार की तरफ से क्षेत्रीय बोली भाषाओं में बनी फिल्मों के निर्माण और प्रचार प्रसार में हर संभव मदद दी जा रही है। इसी क्रम में सरकार नई फिल्म नीति लेकर आई है। सरकार का मत है कि हर क्षेत्र में उत्तराखंड के स्थानीय लोग आगे बढ़ सकें। उन्होंने अभिनेता अभिनव चौहान को बधाई देते हुए कहा कि उनकी गढ़वाली फिल्म असगार भी सुपरहिट रही थी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार हनोल मंदिर का मास्टर प्लान बना रही है, इसके बाद से यह क्षेत्र तीर्थयात्रियों और पर्यटकों के लिए बड़ा डेस्टिनेशन बनकर उभर रहा है। उन्होंने पीएम मोदी को हनोल मंदिर की प्रतिकृति प्रदान की थी। फिल्म की परिकल्पना केएस चौहान ने की है। इस मौके पर कैबिनेट गणेश जोशी, पद्मश्री प्रेमचंद शर्मा, सचिव एचसी सेमवाल, कमिश्नर विनय शंकर पांडेय, अपर सचिव रणवीर सिंह चौहान, सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी सहित अनेक लोग मौजूद रहें।

### जनता दर्शन/जनसुनवाई कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**संवाददाता** देहरादून। जिलाधिकारी सविन बंसल की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार में जनता दर्शन/जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में 96 शिकायत प्राप्त हुई। शिकायतों में भूमि संबंधी शिकायत, भूमि कब्जा, सरकारी भूमि पर अतिक्रमण, मुआवजा दिलाने, आपसी विवाद, नगर निगम, पर्यटन, महिला कल्याण, सड़क निर्माण हेतु वन भूमि चिन्हित करने आदि शिकायत प्राप्त हुई। आज वरिष्ठ नागरिकों सहित पर्यटन विभाग, नगर निगम, वन विभाग, पुलिस, नगर निगम बाल विकास आदि विभागों से सम्बन्धित शिकायतें प्राप्त हुई। जिलाधिकारी ने वरिष्ठ नागरिकों को बैठाकर से उनकी शिकायतें इत्मिनान से सुनते हुए अधिकारियों को वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं का निस्तारण हेतु विशेष प्रयास करें ताकि वरिष्ठ नागरिकों को भटकना न पड़े।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at https://www.page3news.co.

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+





Scan This Code

Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के. प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ.-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।